# 37892 - मधुमेह (शुगर) के रोगियों के इंसुलिन की सुई लेने से रोज़ा नहीं टूटता है

### प्रश्न

मेरा भाई मधुमेह की बीमारी से पीड़ित है और उसे प्रति दिन इंसुलिन की सुई लेने की आवश्यकता होती है, तो क्या उससे रोज़ा टूट जाएगा और क्या वास्तव में उसके ऊपर रोज़ा अनिवार्य है ?

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आपके ऊपर उपचार के लिए दिन के दौरान उल्लिखित सुई को लेने में कोई आपत्ति की बात नहीं है, और आपके ऊपर क़ज़ा करना अनिवार्य नहीं है, और यदि आप के ऊपर कष्ट और असुविधा के बिना उसे रात के समय लेने में आसानी हो तो यह बेहतर है।

इफ्ता और वैज्ञानिक अनुसंधान की स्थायी समिति 10/252

जहाँ तक आपके दूसरे प्रश्न मधुमेह के रोगी के लिए रोज़ा रखने के हुक्म का संबंध है तो उसके लिए प्रश्न संख्या (1319) का उत्तर देखें।